नाली पर मलबा डालने वाले दुकान मालिकों पर लगा जुर्माना, निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने जुनवानी रोड का किया निरीक्षण

भिलाई नगर/ नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज सूर्या माल चौक से जूनवानी रोड का निरीक्षण किया। सुबह निरीक्षण के दौरान उन्होंने जुनवानी चौक के समीप कुछ दुकानों के अव्यवस्थित तरीके से लगे होने पर दुकानों की जानकारी ली, जानकारी के दौरान यह पता चला कि कुछ निजी भूमि पर अवस्थित तरीके से दुकानों को लगाने की अनुमति जमीन मालिक ने दी है , निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि भूमि की जांच की जाए निजी जमीन है या शासकीय जमीन। दरअसल इन्हीं दुकानों के द्वारा नाली के ऊपर मलबा डाल दिया गया था , जिनसे निगम के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जुर्माना भी वसूल किया जा चुका है , नाली के ऊपर मलबा डालने से नाली की सफाई में स्वच्छता विभाग को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है , वही बारिश के दिनों को देखते हुए नाली का प्रवाह भी रुक गया और सड़कों पर पानी बहने की नौबत आ सकती है। इन्हीं सब कारणों से निगमायुक्त ने राजस्व विभाग की टीम को जमीन किसकी है इसका पता करने के निर्देश दिए है तथा नाली सफाई के निर्देश दिए है। वहीं निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान कंडम पड़े वाहनों को यातायात विभाग से समन्वय बनाकर हटाने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने मुख्य सड़क के किनारे की सफाई देखी तथा रोड स्वीपिंग भी देखी। दुकानदारों को कचरा डस्टबिन में ही रखने तथा सफाई कर्मचारियों को कचरा देने आयुक्त ने दुकान मालिकों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि दुकानों में डस्टबिन नहीं रखने और कचरा दुकान के सामने फैलाने पर जुर्माना की कार्यवाही की जाएगी। निगमायुक्त ने आज सुबह स्मृति नगर क्षेत्र के कई इलाकों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त मनीष गायकवाड , पार्षद मुकेश अग्रवाल , उप अभियंता प्रभा टोप्पो एवं पुरुषोत्तम सिन्हा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना , स्वास्थ्य विभाग से कमलेश द्विवेदी , सफाई एजेंसी से पी.वी. रमन आदि मौजूद रहे।